JV-16070101030200 Seat No. ________

B. R. S. (Sem. III) (CBCS) (W.E.F. 2016) Examination

October – 2019

FND - 5 : Hindi (New Course)

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours] [Total Marks : **70**

सूचना : सभी प्रश्नों के उत्तर सूचनानुसार दीजिए ।

१ एकांकी कला ते तत्वों के आधार पर 'पर्दे के पीछे' एकांकी की समीक्षा कीजिए । १५

अथवा

१ विष्णु प्रभाकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए । १५

२ 'स्ट्राइक' एकांकी का कथानक अपने शब्दों में लिखिए । १५

अथवा

२ उमा का चरित्र–चित्रण कीजिए । १५

३ निम्नांकित में से किन्हीं तीन ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । १५

(१) "आप मुझे देखिए, मेरी पहली पत्नी थी, कमबख्त को हमेशां मुझसे शिकायत रही, लेकिन उसकी बिमारी में जब मैं प्रतिक्षण उसके सिरहाने रहा तो मेरा नाम रटती हुई मरी ।"

(२) "तेरे लिए पश्चाताप ही प्रायश्चित है ।"

(३) "अपनों से प्रेम का प्रदर्शन नहीं किया जाता ।"

(४) "मैं ये बातें नहीं मानता । ईश्वर को क्या पड़ी है कि किसी को मालदार और किसी को गरीब बनाये । यह तो हमारी समाज–व्यवस्था की कमजोरी है ।"

(५) "ये जो महाशय मेरे खरीददार बनकर आये हैं, इनसे जरा पूछिये कि क्या लड़कियों को दिल नहीं होता ? क्या उनको चोट नहीं लगती ? क्या वे भेड़–बकरियाँ है जिन्हें कसाई अच्छी तरह देख भालकर खरीदते हैं ।"

४ ‘और वह जा न सकी’ एकांकी का कथानक लिखिए । १५

अथवा

४ ‘प्रतिशोध’ एकांकी का कथानक लिखिए । १५

५ निम्नलिखित परिच्छेद का सारलेखन कीजिए : १०

पत्रकार भावना के स्तर पर जनमानस में डूबकर जीता है । तीव्र विचारणा के स्तर पर आंदोलित हो उठता है और विश्लेषण करने की बौद्धिक क्षमता के कारण राजनैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर तक अनुभव कर जनमानस को वाणी देता है । ऐसा करते समय उसके सामने अपने विचारो की तीव्रता अभिव्यक्ति की मुखरता से मिलती है और रचना प्रक्रिया की ओर उन्मुख हो जाना है । पत्रकार के भीतर एक भविष्य द्दष्टा बैठा रहता है, जो तत्काल जागृत होकर अपने पाठकों को निर्देश देता है । पत्रकार की वाणी में जनता की वाणी का माधुर्य और आक्रोश मिला रहता है । वह जनमानस का नेतृत्व करता है । इसलिए एक श्रेष्ठ पत्रकार के लिए विचारक और निष्पक्ष होना आवश्यक है । पदलोलुप पत्रकार राष्ट्र के लिए घातक सिद्ध होता है ।

अथवा

५ बैंक में खाता खुलवाने के लिए बैंक मेनेजर को पत्र लिखिए ।